# समाचार
## जनसमस्या निवारण शिविर में सुनी गई जन शिकायतें
## (प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित हुआ शिविर)



कोरबा 13 अप्रैल 2015 – स्टेडियम परिसर में आयोजित जिला जन समस्या निवाराण शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित आम नागरिकों की समस्याओं के आवेदन प्राप्त कर समस्याओं का निराकरण किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी ने शिविर में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए, इस दौरान एम.आई.सी. सदस्य दिनेश सोनी, डॉ. गोपाल कुर्रे एवं वार्ड पार्षद विकास अग्रवाल ने भी शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

टी.पी.नगर स्थित प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में आज जिला जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न कार्यो से संबंधित विभागवार पृथक–पृथक काउंटर लगाए जाने के साथ ही जिले के विभिन्न विभाग यथा खाद्य, बिलली, श्रम विभाग के कार्यों से संबंधित काउंटर बनाये गये थे तथा इन काउंटरों पर लोगों की शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त करने अधिकारियों,कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ होकर शिविर सायं 5.00 बजे तक संचालित हुआ। इस दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी ने शिविर में पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल शिविर में पहुंचे नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को जाना, इस दौरान आम नागरिकों द्वार पेयजल, साफ–सफाई, विद्युत, पेंशन सहित अन्य विविध कार्यों से संबंधित समस्याओं की जानकारी शिविर में दी गई। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आम लोगों की शिकायतें सुनी तथा त्वरित निराकृत होने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शेष को पंजीकृत कर उनके निराकरण हेतु समुचित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। स्टेडियम परिसर में आयोजित शिविर में वार्ड के पार्षद श्री विकास अग्रवाल ने पूरे समय अपनी उपस्थित प्रदान कर आमजन की समस्याओं की जानकारी लेते हुए उन्हें पंजीकृत

कराने में सहयोग दिया। शिविर में नोडल अधिकारी एवं निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त सुमन खरे, जोन कमिशनर एन.एन. सरकार सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी व जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**शिविर में प्राप्त हुए आवेदन** – आज आयोजित जिला जन समस्या निवारण शिविर में विभिन्न कार्यों से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु आम नागरिकों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने के साथ ही मौखिक शिकायतें भी दर्ज कराई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत कार्यों से संबंधित 4, सिविल कार्य से संबंधित 3, स्वच्छता से संबंधित 9, जल प्रदाय से संबंधित 15, जलकर एवं भागीरथी नलजल योजना से संबंधित 9, खाद्य विभाग से संबंधित 5, श्रम विभाग असंगठित कर्मकार से संबंधित 9, जिला शहरी विकास अभिकरण के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से संबंधित 16 शिकायतें तथा आवेदन प्रस्तुत किये गये या मौखिक रूप से पंजी में दर्ज कराए गये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 12 फार्म भी शिविर में प्राप्त हुए। वहीं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के संबंधित 129 फार्म वितरित किये गये। शिविर में संपत्तिकर से संबंधित 23 स्वविवरणी फार्म एवं पेंशन से संबंधित 5 फार्मों का वितरण भी किया गया।